# ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला जिला शिमला की उपयोक्ता प्रभार निधियों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 7/06 से 3/13

## भाग–एक

**1 प्रारम्भिकः–**

**(क)** ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला के अवधि 7/2006 से 3/2013 के उपयोक्ता प्रभार निधि लेखों का वर्तमान एवं प्रथम अंकेक्षण, हिमाचल प्रदेश सरकार, परिवहन विभाग की अधिसूचना संख्या TPT-F(1)-3/2000 e-Goverenance दिनाँक 3.9.2005 के दृष्टिगत, इस विभाग के अनुभाग अधिकारी श्री अनिल कुमार द्वारा दिनाँक 7.4.14 से 7.6.14 के दौरान शिमला में किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में वर्णित है। वर्तमान अंकेक्षण के दौरान आय तथा व्यय की विस्तृत जाँच हेतु निम्न मासों का चयन किया गया हैः–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2006–07 | 07/06 | 12/06 |
| 2007–08 | 09/07 | 12/07 |
| 2008–09 | 12/08 | 03/09 |
| 2009–10 | 01/10 | 12/09 |
| 2010–11 | 03/11 | 03/11 |
| 2011–12 | 12/11 | 11/11 |
| 2012–13 | 07/12 | 07/12 |

**(ख) अंकेक्षण अवधि में निम्नलिखित अधिकारी ई–गवर्नेन्स सोसाईटी शिमला के अध्यक्ष व सचिव पद पर कार्यरत्त रहेः–**

| अध्यक्ष | | सचिव | |
|---|---|---|---|
| श्री जे0एस0 राणा | 18.07.06 से 02.03.09 | श्री राकेश कंवर | 18.07.06 से 28.01.08 |
| श्री अमर सिंह राठौर | 03.03.09 से 30.05.09 | श्री पी0एल0 नेगी | 29.01.08 से 31.08.08 |
| श्री जे0एस0 राणा | 30.05.09 से 29.01.11 | श्री रमेश्वर शर्मा | 12.09.08 से 12.07.10 |
| श्री ओंकार शर्मा | 29.01.11 से 27.04.12 | डा0 रमेश कुमार | 12.07.10 से 29.01.13 |
| श्री मनीष गर्ग | 27.04.12 से 30.05.12 | श्री डी0के0 रत्न | 30.01.13 से 31.03.13 |
| श्री अरूण कुमार | 31.05.12 से 23.10.12 | | |
| श्री सुभाशीष पाण्डा | 24.10.12 से 03.01.13 | | |
| श्री दिनेश मल्हौत्रा | 03.01.13 से 31.03.13 | | |

## (ग) गम्भीर अनियमितताएं का सारः–

| क्र0सं0 | पैरा सं0 | विवरण | राशि लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | 5 | ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला में उपमण्डलाधिकारी शिमला (ग्रामीण) से अंशदान रूप में प्राप्त राशि को केन्द्रीय ईकाई की रोकड़ बही में प्राप्ति पक्ष में न दर्शाया जाना | 0.50 |
| 2 | 6 (ख) | सावधि योजना में निवेशित राशियों पर बैंक द्वारा कम ब्याज देना | 1.73 |
| 3 | 7 | ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला निधि से उपायुक्त कार्यालय के बिजली के बिलों का भुगतान करने बारे | 11.61 |
| 4 | 8 | हिमाचल प्रदेश राजकीय इलैक्ट्रोनिक्स विकास निगम को भुगतान करने से सम्बन्धित अनियमितताएं | 2.82 |
| 5 | 9 | ई–गवर्नेन्स (केन्द्रीय ईकाई) शिमला से जिला नाजिर शिमला को ऋण के रूप में भुगतान करने बारे | 0.25 |
| 6 | 10 | उपमण्डलाधिकारी अधिकारी चौपाल तथा तहसीलदार कुमारसैन को ऋण के रूप में भुगतान करने बारे | 1.70 |
| 7 | 12 | हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रोनिक्स डिवेलपमैन्ट निगम लिमिटेड को सुगम I तथा सुगम II केन्द्रों में UPS viring and Earthing & Lan Cabling तथा PoP के लिए अनियमित भुगतान करने बारे | 5.46 |
| 8 | 13 | नगर निगम शिमला को जनरल टैक्स के रूप में अधिक भुगतान करना | 0.18 |
| 9 | 16 | लघु बचत ईनाम निधि को किए गए भुगतान से सम्बन्धित अनियमितताऐं | 1.85 |
| 10 | 22 | खुले बाजार से स्टेशनरी की खरीद करने से सम्बन्धित अनियमितताएं | 0.27 |

इस अंकेक्षण प्रतिवेदन को संस्थाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करवाए गए अभिलेख एवं सूचनाओं के आधार पर तैयार किया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना अथवा जो उपलब्ध नहीं करवाई, की जिम्मेवारी लेने से इन्कार करता है।

**3 अंकेक्षण शुल्कः–**

ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) के वर्तमान निधि लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹24000/– बनता है। अनुभाग अधिकारी (ले0प0) द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 4 दिनाँक 26.6.14 जारी करके उपरोक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखाकिंत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला–9 को भेजने हेतु अनुरोध किया है। अंकेक्षण शुल्क का ब्यौरा **परिशिष्ट "A"** में संलग्न है।

**4 वित्तीय स्थितिः–**

**(क)** संस्था द्वारा प्रस्तुत, ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) की रोकड़ बही में आय व व्यय की प्रविष्टियों के आधार पर तैयार की गई वित्तीय स्थिति का विवरण **परिशिष्ट "क"** पर संलग्न है तथा जिला शिमला के विभिन्न RLAs से प्राप्त आय की राशि का विवरण **परिशिष्ट "क–1"** पर दिया गया है। वित्तीय स्थिति की जाँच पर पाया गया कि रोकड़ बही में योगों की गलत गणना तथा रोकड़ बही में की गई अन्य त्रुटियों के फलस्वरूप रोकड़ बही में जो अन्तशेष विभिन्न वित्तीय वर्षों में दर्शाये गये है, वह वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाते है। अतः रोकड़ बही के आधार पर तैयार की वित्तीय स्थिति तथा रोकड़ बही में दर्शाये अन्तशेषों में भिन्नता पाई गई जिस बारे लेखा परीक्षा अधियाचना संख्या 2 दिनाँक 24.4.14 द्वारा अध्यक्ष, ई–गवर्नेन्स सोसाईटी सोसाईटी एवं उपायुक्त, जिला शिमला को अवगत करवाया गया तथा रोकड़ बही में पाई त्रुटियों को एक सप्ताह में ठीक करवाकर सही वित्तीय स्थिति बनाकर लेखा परीक्षा को प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया था, परन्तु सोसाईटी द्वारा लेखा परीक्षा को अंकेक्षण के दौरान सही वित्तीय स्थिति प्रस्तुत नहीं की गई। **परिशिष्ट "ख"** पर वर्णित अंकेक्षण अधियाचना संख्या 2 दिनाँक 24.4.14 के अनुसार रोकड़ बही में पायी गई त्रुटियों एवं बैंक खाते में पाये जाने वाले अन्तर का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

(i) दिसम्बर 2010 में रोकड़ बही में जो अन्तशेष दर्शाया गया है वह रोकड़ बही में दर्शाई गई आय व व्यय प्रविष्टियों के आधार पर ₹83050/– अधिक लिया गया है।

(ii) रोकड़ बही में जनवरी के अन्तशेष में ₹100000/– को कम लिया गया है।

(iii) नवम्बर, 2012 में रोकड़ बही में दर्शाये गए अन्तशेष में ₹21301433 को अधिक दर्शाकर राशि वर्णित की गई है जोकि लिपिकय गलती (Clerical Mistake) प्रतीत होती है

(iv) दिसम्बर, 2012 में ₹85073/– को अन्त शेष में अधिक दर्शाया गया है।

(v) जनवरी, 2013 में ₹350415/– को अन्त शेष में अधिक लिया गया है।

**(ख)** इस प्रकार रोकड़ बही में योगों में विभिन्न प्रकार त्रुटियाँ होने के कारण रोकड़ बही में 31.3.13 को ₹512140/–का अन्तशेष दर्शाया गया है, जबकि रोकड़ बही में आय व व्यय की प्रविष्टियों के आधार पर 31.3.13 को अन्तशेष की (–) ₹62487/– बनती है। इसके अतिरिक्त बैंक खाते में 31.3.13 को अन्तशेष ₹499250/– दर्शाया गया है। अतः रोकड़ बही/बैंक खाते तथा रोकड़ बही में आय व व्यय की प्रविष्टियों के आधार पर तैयार की गई वित्तीय स्थिति में दर्शाये अन्तशेषों में भिन्नता पाई गई है जोकि एक गम्भीर अनियमितता है, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और इन त्रुटियों का समाधान शीघ्र किया जाये तथा वस्तुस्थिति से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। इसके अतिरिक्त इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई भी की जाये।

**(ग)** ई–गवर्नेन्स सोसाईटी द्वारा नियमानुसार समय–2 पर रोकड़ बही का मिलान बैंक खातों के साथ किया जाना अनिवार्य था जबकि सोसाईटी द्वारा कभी भी रोकड़ बही का मिलान बैंक खातों के साथ नहीं किया जिसके फलस्वरूप रोकड़ बही के योगों में भी निरन्तर गलतियाँ पाई जाती रही है। इसके अतिरिक्त ऐसा भी प्रतीत होता है कि रोकड़ बही में समय–2 पर की जानी वाली प्रविष्टियों को भी रोकड़ बही में नहीं किया गया है जिसके फलस्वरूप रोकड़ बही के शेषों तथा बैंक शेषों में अन्तर पाया गया जिसका विवरण निम्न प्रकार से है। इस अन्तर के बारे में संस्था को अंकेक्षण अधियाचना संख्या 2 दिनाँक 24.4.14 द्वारा अवगत करवाया जा चुका है। अतः इस अन्तर का समाधान शीघ्र करके आगामी लेखा परीक्षा के दौरान प्रस्तुत किया जाये।

| अवधि | रोकड़ बही का अन्तशेष | बैंक खाते का अन्तशेष | अन्तर |
|---|---|---|---|
| 2006–07 | 529183 | 545365 | 16182 |
| 2007–08 | 409234 | 456809 | 45575 |
| 2008–09 | 1675002 | 1813474 | 138472 |
| 2009–10 | 2631361 | 2800136 | 168775 |
| 2010–11 | 3827939 | 4149191 | 316252 |
| 2011–12 | 4888484 | 5349928 | 461444 |
| 2012–13 | 512140 | 499250 | 12890 |

**5 ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला में उपमण्डलाधिकारी शिमला (ग्रामीण) से अंशदान रूप में प्राप्त ₹50000/– को केन्द्रीय ईकाई की रोकड़ बही में प्राप्ति पक्ष में न दर्शाया जाना:–**

ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला के लेखो के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि उपमण्डलाधिकारी शिमला (ग्रामीण) द्वारा ई–गवर्नेन्स के अन्तर्गत परिवहन स्त्रोतों से

कुल प्राप्त user charges में से मार्च, 2006 को ₹50000/– ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला को भेजी गई परन्तु केन्द्रीय ईकाई की रोकड़ बही की जाँच करने पर पाया गया कि ई गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला की रोकड़ बही का आरम्भ ही जुलाई, 2006 से किया गया जिस में मार्च, 2006 में उपमण्डलाधिकारी शिमला (ग्रामीण) द्वारा भेजी गई उक्त ₹50000/– जमा नहीं पाई गई प्रतीत होती है। इस प्रकार मार्च 2006 में भेजी गई ₹50000/– को किस खाते में जमा किया गया उससे सम्बन्धित कोई भी विवरण अभिलेखों में नहीं पाए गए। अतः उपमण्डलाधिकारी शिमला (ग्रामीण) से प्राप्त ₹50000/– को किस खाते में जमा किया गया, उसके बारे में स्थिति स्पष्ट करते हुये इस राशि को ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला की रोकड़ बही में जमा किया जाये और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6 निवेशः–

**(क)** ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला द्वारा दिनाँक 31.3.13 तक ₹7004440/– का निवेश सावधि योजना में किया गया था जिसका विवरण **परिशिष्ट "ग"** में संलग्न है।

**(ख) सावधि योजना में निवेशित राशियों पर बैंक द्वारा ₹173533 का कम ब्याज देनाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला द्वारा बैंक में निवेशित राशियो पर परिपक्वता तिथि पर सोसाईटी को जो ब्याज प्राप्त होना था उससे कम ब्याज बैंक द्वारा दिया गया, जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| बैंका का नाम | एफ0डी0आर0 नं0 | निवेश करने की तिथि | परिपक्वता की तिथि | ब्याज की दर | परिपक्वता राशि जो बनती है | जो राशि दी गई | अन्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Axis Bank Shimla | 912040052/ 506946 | 4.10.12 | 13.6.13 | 9% | 2099766 | 2084446 | 15230 |
| हि0प्र0 को–ओपरेटिव बैंक, दी माल शिमला | Old No. 894815 New No. TDR/1238410 | 8.12.11 | 8.12.13 | 9% | 1073314 | 1003945 | 69369 |
| –यथोपरि– | 1042572/TDR/ 1239411 | 5.12.12 | 5.12.13 | 9% | 2186167 | 2122245 | 63922 |
| –यथोपरि– | 1041791/TDR/ 1240120 | 15.2.13 | 15.2.14 | 9% | 1639625 | 1617893 | 21732 |
| –यथोपरि– | 1042572 | 5.12.12 | 5.12.13 | 9% | 724237 | 721047 | 3190 |
| | | | | | | **योग** | **₹173533** |

इस प्रकार बैंक द्वारा निवेशित राशियों पर उक्त वर्णित तथ्यों के आधार पर ब्याज के रूप में ₹173533/– कम दी गई प्रतीत होती है। बैंक द्वारा ब्याज की यह राशि किस आधार पर कम दी गई, इस बारे में कोई भी विवरण लेखा परीक्षा में अंकेक्षण मे ंप्रस्तुत नहीं किया गया। अतः बैंक द्वारा ब्याज की राशि कम देने बारे मामला सम्बन्धित बैंक से उठाया जाये और कम दिए गए ब्याज को अर्जित करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**(ग) ई–गवर्नेन्स (केन्द्रीय ईकाई) शिमला द्वारा सावधि योजना के अन्तर्गत निवेशित राशियों को व्यय के रूप में दर्शाकर रोकड़ बही से कम करनाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ई–गवर्नेन्स (केन्द्रीय ईकाई) निधि से समय–2 राशियों को सावधि योजना के अन्तर्गत निवेशित किया गया था जिसको व्यय के रूप में दर्शाकर रोकड़ बही से कम किया था, जोकि अनियमित था। अतः इस प्रकार सावधि योजना के अन्तर्गत राशियों को निवेशित करने के फलस्वरूप रोकड़ बही के बकाया से कम करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये। इसके अतिरिक्त जो राशियाँ सावधि योजना के अन्तर्गत परिपक्वता के पश्चात ब्याज सहित रोकड़ बही में भी ली गई है, उनका पूर्ण ब्यौरा भी नहीं दिया गया है। अतः इन राशियों को पुनः से रोकड़ बही से आय पक्ष में लेकर रोकड़ बही को ठीक किया जाये और तदोपरान्त बैंक से मिलान करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 7 ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला निधि से उपायुक्त कार्यालय के बिजली के बिलों का ₹1161700/– का भुगतान करने बारेः–

ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला के लेखों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ई–गवर्नेन्स निधि से उपायुक्त कार्यालय के बिजली के बिलों की ₹161700/– का भुगतान किया गया जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| स्वीकृति आदेश सं0 | चैक सं0 | राशि |
|---|---|---|
| SML-Sugam /HPSEB/bill 411 dt. 3.7.12 | 729469/4.7.12 | 661700 |
| SML-Sugam/HPSEB/Bill-518 dt. 6.9.12 | 928513/12.9.12 | 500000 |
| | | **₹1161700** |

सम्बन्धित नस्ति में दी गई टिप्पणी के अनुसार उपायुक्त कार्यालय द्वारा ₹7720000 लाख के बिजली के बिल देने बकाया में थे, जिसमें से उक्त निधि से ₹1161700/– का भुगतान किया गया। यह भुगतान ई–गवर्नेन्स निधि से किस आधार पर किया गया, इससे सम्बन्धित कोई भी विवरण नस्ति में संलग्न नहीं था। e-Governance Society Distt Shimla

का संचालन, माह 7/06 से शुरू हुआ, जिसके अन्तर्गत सुगम केन्द्र से कार्य किया जाने लगा। अतः माह 7/06 से अंकेक्षणाधीन अवधि के अन्त तक कितनी राशि के बिजली के बिल प्राप्त हुये और सुगम–1 व सुगम–II को प्रदान की गई बिजली सुविधा के अनुसार जितनी विद्युत का उपयोग किया गया, उस अनुपात के आधार पर बिजली के बिल का विभाजन करके e-Goverenance निधि से बिजली के बिल का भुगतान किया जाना अपेक्षित था, जबकि e-Goverance निधि से बिजली के बिल का भुगतान Lum Sum के आधार पर हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड को किया गया। अतः ₹1161700/– का भुगतान e-Goverance निधि से जिस आधार पर किया, उसके बारे में स्थिति स्पष्ट की जाये तथा अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। इसके अतिरिक्त परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में सुगम केन्द्र के लिये बिजली के मीटर अलग से लगवाने हेतु कार्रवाई अमल में लाई जाये ताकि स्वंतत्र रूप से सुगम केन्द्रों के बिजली के बिलों का भुगतान वास्तविक खपत के आधार पर किया जा सके।

**8 हिमाचल प्रदेश राजकीय इलैक्ट्रोनिक्स विकास निगम को ₹2,81,000/– का भुगतान करने से सम्बन्धित अनियमितताएंः–**

**(क)** अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला द्वारा अपनी निधि से हिमाचल प्रदेश राजकीय इलैक्ट्रोनिक्स विकास निगम को समय–2 पर कम्पयूटर तथा प्रिन्टर इत्यादि की खरीद के लिये अग्रधन के रूप में ₹145425/– का भुगतान किया गया, जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| चैक सं0/दिनाँक | स्वीकृति सं0 | राशि | वितरण |
|---|---|---|---|
| 224158/27.8.11 | SML Sugam/Safai/493 dated 26.8.11 | 88725 | 3 No. HCL Computer |
| 224187/21.9.11 | SML-Sugam/552 dated 16.9.11 | 56700 | One No. H.P. Leserjet 5200 No. Laser Printer (A-3 size) |

अभिलेखों की जाँच करने पर पाया गया कि उक्त अग्रधन के अन्तर्गत तीन Computers दिनाँक 14.9.11 को प्राप्त किये गए प्रतीत होते है, परन्तु सोसाईटी सम्पूर्ण अग्रधन का समायोजन नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त प्राप्त गए किए कम्पयूटरों में से दो कम्पयूटर ADC Development Branch DC. Office Shimla तथा एक Computer ADM (L&O) Shimla को दिया गया, परन्तु इसकी प्रविष्टि ई–गवर्नेन्स (केन्द्रीय ईकाई) शिमला स्टॉक रजिस्टर में नहीं पाई गई। अतः स्टॉक रजिस्टर में कम्पयूटर की प्रविष्टि न करने बारे

औचित्य स्पष्ट किया जाये और इन कम्पयूटरों की प्रविष्टि पूर्ण विवरण सहित स्टॉक रजिस्टर में करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जानी सुनिश्चित की जाये। इसके अतिरिक्त उक्त भुगतान के अन्तर्गत कौन–2 से अन्य कम्पयूटर प्राप्त किये गए, इससे सम्बन्धित पूर्ण ब्यौरा भी लेखा परीक्षा के दौरान प्रस्तुत नहीं किया गया जबकि निम्नानुसार अग्रधन के रूप में किये भुगतान से सम्बन्धित सामग्री जिस–2 बिल के अन्तर्गत प्राप्त की गई, उनका पूर्ण ब्यौरा तैयार करके अग्रधन का समायोजन किया जाना अपेक्षित था।

**(ख)** उपरोक्त के अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला द्वारा माह 1/12 में चैक संख्या 324036 दिनाँक 13.1.12 द्वारा ₹136550 का भुगतान H.P.S.E.C Ltd Khalini Shimla को किया गया, जिसकी स्वीकृति "Purchase of Hardware Computer Part-V" की नस्ति में पृष्ठ 82 में कम्पयूटर की खरीद के लिये ₹136550/– प्रदान की गई थी। यह भुगतान किस बिल के एवज में तथा कितने कम्पयूटरों की खरीद के लिए किया गया, इससे सम्बन्धित कोई भी अभिलेख नस्ति में नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त सोसाईटी द्वारा जो कम्पयूटर प्राप्त किये गये, वह किस–2 को जारी किये गये, उससे सम्बन्धित भी कोई भी ब्यौरा नस्ति में नहीं पाया गया। इस प्रकार अभिलेखों के अभाव में किये गये भुगतान की जाँच नहीं की जा सकी। अतः संस्था द्वारा इस मामले में अपने स्तर पर जाँच करके वस्तुस्थिति और अनुपालना में आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए।

**9 ई–गवर्नेन्स (केन्द्रीय ईकाई) शिमला से जिला नाजिर शिमला को ऋण के रूप में ₹25000/– का भुगतान करने बारेः–**

ई–गवर्नेन्स (केन्द्रीय ईकाई) शिमला निधि की AC to DC से सम्बन्धित नस्ति की टिप्पणी–22 के आदेश अनुसार, जिला नाजिर को स्टेम्पस की खरीद के लिए चैक संख्या 4844856 दिनाँक 14.3.07 द्वारा ऋण के रूप में ₹25000/– का भुगतान किया गया था। अभिलेखों में कहीं भी यह नहीं पाया गया कि उक्त ऋण जोकि जिला नाजिर को ई–गवर्नेन्स निधि से किया गया था, उसकी वसूली कर ली गई थी अथवा नहीं। अतः यदि उक्त ऋण की ₹25000/– की वसूली जिला नाजिर से कर ली गई है तो उससे सम्बन्धित अभिलेख आगामी लेखा परीक्षा के दौरान पुष्टि हेतु प्रस्तुत किए जाए और यदि इस ऋण की वसूली अभी तक नहीं की गई तो इसकी वसूली शीघ्र की जाये और अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जानी सुनिश्चित की जाये।

**10 उपमण्डलाधिकारी अधिकारी चौपाल तथा तहसीलदार कुमारसैन को ऋण के रूप में क्रमशः ₹145000/–व ₹25000/– का भुगतान करने बारेः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ई–गवर्नेन्स (केन्द्रीय ईकाई) शिमला निधि से उपमण्डलाधिकारी अधिकारी चौपाल को चैक संख्या 4444897 दिनाँक 6.12.06 द्वारा ₹145000/– तथा तहसीलदार कुमारसैन को चैक संख्या 4444896 दिनाँक 6.12.06 द्वारा ₹25000/– का भुगतान ऋण के रूप में किया, परन्तु उक्त ऋणों की वसूली कब की गई, इसके बारे में अभिलेखों मे कोई विवरण/साक्ष्य नहीं पाया गया। अतः उक्त ऋणों की वसूली के बारे में स्थिति स्पष्ट की जाये तथा यदि इन ऋणों की वसूली नहीं की गई तो इन ऋणों की वसूली शीघ्र की जाये और अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जानी सुनिश्चित की जाये।

**11 Multipurpose Cabins at District Courts Shimla - Sugam Centre Phese-II के निर्माण बारेः–**

ई–गवर्नेन्स (केन्द्रीय ईकाई) शिमला के भुगतान से सम्बन्धित वाऊचरों की टैस्ट जाँच के दौरान पाया गया कि ई–गवर्नेन्स निधि तथा आई0टी0 विभाग से प्राप्त निधि से Multipurpose cabins at district courts Shimla - Sugam Contre Ph-II का निर्माण किया गया। उक्त कार्य का आंबटन श्री विजय कुमार गौतम संविदाकार को किया गया। इस निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार को निम्नविवरणानुसार भुगतान किया गया। अभिलेख के अनुसार ठेकेदार को जो भुगतान किया गया उसका विवरण निम्न प्रकार से है। इसके अतिरिक्त संविदाकार को जो भी और भुगतान किया गया उसका पूर्ण विवरण देकर स्थिति आगामी अंकेक्षण में स्पष्ट की जाये क्योंकि इस सम्बन्ध में ठेकेदार को कब–2 भुगतान किया गया, उससे सम्बन्धित अभिलेख तैयार नहीं किये गये थे।

| चैक सं0 | दिनाँक | राशि |
|---|---|---|
| 885108 | 01.08.07 | 180000 |
| 4945731 | 16.07.07 | 300000 |
| 885027 | 21.09.07 | 500000 |
| 885031 | 18.10.07 | 100000 |
| 7491265 | 21.12.07 | 620000 |
| 885036 | 05.08.08 | 241775 |

**उक्त निर्माण कार्य के आबंटन तथा भुगतान में निम्नलिखित अंकेक्षण आपत्तियाँ पाई गईः–**

**(क)** नियमानुसार किसी भी निर्माण कार्य को करने से पूर्व निर्माण कार्य की ड्राईंग, अनुमान पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा तकनिकी एवं प्रशासनिक तौर पर स्वीकृति करवाने के पश्चात ही उस कार्य के टैंडर, विज्ञापनों द्वारा आमन्त्रित किये जाने अपेक्षित तथा टैंडर प्राप्त करने के पश्चात जस्टीफिकेशन तैयार करके न्यूनतम दर पर कार्य आंबटित किया जाना अपेक्षित होता था, परन्तु उक्त कार्य के लिए ने तो अन्य औपचारिकताएं पूर्ण की गई और न ही जस्टीफिकेशन तैयार की गई जिससे यह सुनिश्चित नहीं हो सका कि ठेकेदार को एच0पी0–एस0आर0 2009 की दरो ंसे उपर कितनी प्रतिशतता पर निर्माण कार्य का आबँटन किया गया तथा यह भी निश्चित नहीं किया जा सका कि कहीं इस निर्माण कार्य को जस्टीफिकेशन की दरें से अधिक दरों पर तो आंबटित नहीं किया गया। अतः निर्माण कार्य को जस्टीफिकेशन तैयार न करने बारे भी स्थिति स्पष्ट की जाये।

**(ख)** ठेकेदार को निर्माण कार्य हेतु आबँटन पत्र भी सोसाईटी द्वारा जारी नहीं किया गया।

**(ग)** निर्माण कार्य से पूर्व कार्य कितनी अवधि में ठेकेदार द्वारा किया जाना था, उस बारे में भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए।

**(घ)** ठेकेदार को समय–2 किये गये भुगतान से सम्बन्धित निष्पादित कार्य की प्रविष्टियाँ माप पुस्तिका में नहीं की गई थी जबकि प्रत्येक चलित बिल की प्रविष्टियाँ माप पुस्तिका में करने के उपरान्त ही उसमें से जमानत राशि (Security), आयकर, बिक्री कर तथा अन्य जो भी कटौतियाँ की जानी अपेक्षित थी, उनको करने के उपरान्त ही बिल निम्नानुसार पारित किया जाना अपेक्षित था जबकि इस निर्माण कार्य का भुगतान सीधे साधारण कागज पर बिना माप पुस्तिका के प्रविष्टियाँ किया गया, जोकि अनियमित था। अतः बिना माप पुस्तिका में प्रविष्टियाँ करके बिलों के भुगतान करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये।

**(ङ)** ठेकेदार को निर्माण कार्य के लिए जो भुगतान किये गये उसमें कहीं भी यह स्पष्ट नहीं किया गया कि जो भुगतान किया गया वे Sugam Ph-II के निर्माण के लिये ही किया गया था तथा इसमें से Sugam Ph-I के निर्माण के लिये कोई भी भुगतान नहीं किया गया जिस बारे में भी स्थिति स्पष्ट की जाये।

**12 हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रोनिक्स डिवेलपमैन्ट निगम लिमिटेड को सुगम I तथा सुगम II केन्द्रों में UPS viring and Earthing & Lan Cabling तथा PoP के लिए ₹546867/– का अनियमित भुगतान करने बारेः–**

टैस्ट अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला द्वारा अध्यक्ष, ई–गवर्नेन्स सोसाईटी शिमला की स्वीकृति आदेश संख्या SML-Sugam/Bill/2007-

704 दिनाँक 15.12.09 के अनुसार हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रोनिक्स डिवेलपमैन्ट निगम लिमिटेड को सुगम I तथा सुगम II केन्द्रों में UPS viring and Earthing & Lan Cabling तथा PoP के लिए ₹546867/– का भुगतान चैक संख्या 8303678 दिनाँक 16.12.09 द्वारा किया गया। उक्त भुगतान से सम्बन्धित अभिलेख जोकि भुगतान वाउचर में संलग्न है, का अवलोकन करने पर पाया गया कि नियमानुसार यह भुगतान आई0टी0 विभाग शिमला द्वारा प्राप्त अनुदान अथवा आई0टी0 विभाग द्वारा ही किया जाना अपेक्षित था, परन्तु हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रोनिक्स कारपोरेशन लिमिटेड के पत्र संख्या HPSEDC/CC/Sugam-/2Kg-125 दिनाँक 18.5.09, जोकि जिलाधीश शिमला को सम्बोधित है, के अवलोकन करने पर पाया गया कि ये भुगतान इस लिये ई–गवर्नेन्स निधि (केन्द्रीय ईकाई) शिमला से किया गया क्योंकि इस भुगतान को I.T. Deptt. Shimla ने इस आशय से करने से मना कर दिया गया कि इससे पूर्व उनके द्वारा दी गई अनुदान राशियों के उपयोगिता प्रमाण पत्र विभाग को नहीं भेजें गए। अतः जो भुगतान I.T. Deptt. से किया जाना था, उस भुगतान को ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला की निधि से केवल इस लिए किया गया, कि पूर्व की अनुदान राशियों के उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग को नहीं भेजे गए जिस बारे औचित्य स्पष्ट किया जाये। यदि ई–गवर्नेन्स सोसाईटी द्वारा I.T. Deptt. से प्राप्त अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र समय–2 पर भेजे जाते रहते तो इस व्यय का भुगतान भी I.T. Deptt. Shimla से प्राप्त अनुदान से किया जा सकता था और ₹546867/– का जो अनाधिकृत व्यय सोसाईटी निधि से किया गया उसकी बचत हो सकती थी। अतः इस मामले में अब कार्रवाई की जाये और इसकी भरपाई I.T. Deptt. Shimla से शीघ्र करवाई की जाये और अपेक्षित राशि ई–गवर्नेन्स (केन्द्रीय ईकाई) शिमला के खाते में जमा की जाये। इस सन्दर्भ में अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये। इसके अतिरिक्त उक्त भुगतान से सम्बन्धित बिल भी अभिलेख में नहीं पाये गये जिसके अभाव में किये गये खर्च की जाँच नहीं की जा सकी। अतः इस व्यय से सम्बन्धित बिलों को आगामी अंकेक्षण में दिखाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**13 नगर निगम शिमला को जनरल टैक्स के रूप में ₹18458/– का अधिक भुगतान करनाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ई–गवर्नेन्स (केन्द्रीय इकाई) शिमला की निधि से नगर निगम शिमला को चैक संख्या 729485 दिनाँक 13.8.12 द्वारा ₹139345/– का भुगतान जनरल टैक्स के रूप में किया गया। भुगतान से सम्बन्धित अभिलेखों की जाँच करने पर पाया गया कि उक्त भुगतान में जनरल टैक्स में बकाया कर का भी भुगतान किया गया, जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| Bill No./Date | Particular | Total Amount | Arrear |
|---|---|---|---|
| 46976/22.9.11 | Sugam Sanur of tender Building No-I | 50809 | 36730 |
| 46977/22.9.11 | D.C. Office Shimla –do- No. 2 | 67238 | 48606 |
| 46978/22.9.11 | Building D.C. Office Shimla | 21298 | 15396 |
| | **योग=** | **₹139345** | **100732** |

उक्त बकाया राशि कौन–2 अवधि से सम्बन्धित है, उसे स्पष्ट नहीं किया गया और न ही सोसाईटी द्वारा इस सम्बन्ध में कोई अभिलेख लेखा प्रस्तुत किए जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि बकाया राशि किस–2 अवधि की है। इसके अतिरिक्त यदि उक्त बकाया कर का भुगतान समय पर सम्बन्धित वर्षों में कर दिया गया होता तो (₹10073+₹5036 ब्याज= ₹15109) की बचत हो सकती थी। इसके अतिरिक्त जाँच में यह भी पाया गया कि नगर निगम शिमला से उक्त बिल 11.6.12 को प्राप्त किये गये दर्शाये गये है और यदि इन बिलों का भुगतान 15 दिनों के भीतर कर दिया जाता तो ₹3358/– का कम भुगतान करना पड़ता जबकि अवलोकन करने पर पाया गया कि इन बिलों का भुगतान 13.8.12 को किया गया जिसके फलस्वरूप ₹3358/– का अधिक भुगतान किया गया। अतः बिलों का समय पर भुगतान न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये तथा भविष्य में बिलों का भुगतान समय पर किया जाये। अतः अधिक किये गये भुगतान की ₹15109+₹3358=₹18467 बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जायें।

**14 M/S Satluj Document Company को ऋण आधार पर ₹8500/– का भुगतान करने बारेः–**

अभिलेखों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला निधि से चैक संख्या 4844857 दिनाँक 17.3.07 के अन्तर्गत मैसर्ज सतलुज डोकेमैन्ट कम्पनी को ऋण के आधार पर ₹8500/– का भुगतान किया गया। यह भुगतान उक्त फर्म को किस सन्दर्भ में किया गया, इससे सम्बन्धित अभिलेख लेखा परीक्षा के दौरान प्रस्तुत नहीं किये। इसके अतिरिक्त उक्त ऋण की वसूली/Recoupment, जिला उपायुक्त के Regular Budget से की जानी अपेक्षित थी जैसा कि रोकड़ बही में की प्रविष्टि में दर्शाया गया था, परन्तु उक्त ऋण की वसूली/Recoupment, जिला उपायुक्त के Regular Budget से कर लिया गया या नहीं की गई इससे सम्बन्धित कोई भी अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया

जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि उक्त राशि की Recoupment/ वसूली कर ली गई है अथवा नहीं? अतः यदि ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला द्वारा इसकी वसूली दिये गए निर्देशानुसार के अन्तर्गत ली गई है तो उससे सम्बन्धित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत किए जाए अन्यथा इसकी वसूली दिये निर्देशानुसार करके ई–गवर्नेन्स (केन्द्रीय ईकाई) शिमला की निधि में जमा करवाई जाये और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**15 ई–गवर्नेन्स निधि में तीन कम्पयूटर क्रय करके तथा बिना सम्पत्ति रजिस्टर/स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि करके कम्पयूटरों को सरवोदय आश्रम को दिया जानाः–**

कम्पयूटर एवं सॉफटवेयर से सम्बन्धित नस्ति के टैस्ट चैक के दौरान पाया गया कि सम्बन्धित नस्ति संख्या V के पृष्ट 44 के अनुसार तीन कम्पयूटर सिस्टम का क्रय किया गया जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| | |
|---|---|
| 1 | H.C.l. Computer System (Intel Dual Core E 5800) |
| 1 | Sr. No. 7111 AA 911845 |
| 2 | -do- 7111AA811946 |
| 3 | -do- 7111AA911847 |

उक्त कम्पयूटर H.P. State Electronics Development Corporation Ltd. से दिनाँक 8.11.2011 को खरीदकर तथा ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला के सम्पत्ति रजिस्टर/स्टॉक रजिस्टर में दर्ज किये बिना ही सीधे Sarnodya Ashram, Near K.N.H. Shimla को दे दिये गए। अतः स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि किए बिना ही Sarnodya Ashram Shimla को तीन नं0 Computer जारी करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये। नियमानुसार जिस निधि के अन्तर्गत कम्पयूटर इत्यादि की खरीद की गई उस निधि के सम्पत्ति रजिस्टर एवं स्टॉक रजिस्टर में कम्पयूटर की खरीद प्रविष्टि करने के पश्चात जिस अधिकारी/कर्मचारी/संस्था जिसको कम्पयूटर जारी किये गये, उनका पूर्ण विवरण स्टॉक रजिस्टर में दिया जाना अपेक्षित था, जोकि नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त ई–गवर्नेन्स सोसाईटी की निधि से उक्त तीन नं0 कम्पयूटर की खरीद पर खर्च की राशि बारे औचित्य स्पष्ट किया जाये क्योंकि यह व्यय ई–गवर्नेन्स सोसाईटी की निधि पर उचित प्रभार प्रतीत नहीं होता है। अतः सुझाव दिया जाता है कि जारी किए गए इन कम्पयूटरों की स्टॉक प्रविष्टि नियमानुसार सम्बन्धित अभिलेख में की जाये और जिन प्रावधान के अन्तर्गत कम्पयूटरों की खरीद पर उक्त खर्च किया गया, उनको भी आगामी अंकेक्षण से दिखाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**16 लघु बचत ईनाम निधि को किए गए ₹185075/– के भुगतान से सम्बन्धित अनियमितताऐंः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ई–गवर्नेन्स निधि से ₹185075/– का भुगतान चैक संख्या 729486 दिनाँक 13.8.12 द्वारा लघु बचत ईनाम निधि के लिए किया गया। यह भुगतान लघु बचत ईनाम निधि से ई–गवर्नेन्स सोसाईटी को स्थापित करने के लिए ली राशि के वापिस करने के एवज में किया। भुगतान नस्ति में संलग्न नोटिंग में यह ऐसा विवरण कहीं नहीं पाया गया जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि लघु बचत ईनाम निधि से जो राशि ई–गवर्नेन्स सोसाईटी को स्थापित करने के लिए ली गई थी, वह ई–गवर्नेन्स सोसाईटी की रोकड़ बही में किस अवधि में ली गई। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इसका सत्यापन आगामी अंकेक्षण के दौरान सुनिश्चित किया जाये।

**17 ई–गवर्नेन्स सोसाईटी से व्यय की गई ₹379143/– से सम्बन्धित वाऊचरों एवं अभिलेखों को लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करनाः–**

ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला की रोकड़ बही के अनुसार निम्नविवरणानुसार ₹379143/– के जो भुगतान विभिन्न–2 फर्मों को किये गये दर्शाये गये थे, उनसे सम्बन्धित अभिलेख/वाउचरों को लेखा परीक्षा के दौरान प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके फलस्वरूप भुगतान की सत्यता की जाँच नहीं की जा सकी।

| चैक संख्या/दिनाँक | फर्म का नाम | राशि |
|---|---|---|
| 4004084/3.2.07 | M/S Shreshtha cousultancy Shimla | 69650 |
| 4844855/12.3.07 | Saraswati Data Com. | 10000 |
| 4844860/28.3.07 | M/S Furniture Work Shop | 5772 |
| 4844872/24.4.07 | M/S conversion Arcade | 5400 |
| 4844873/26.4.07 | M/S Saraswati Data com. | 16200 |
| 4849434/18.6.07 | M/S C.S. Computer | 25725 |
| 4849436/25.6.07 | M/S Vijay Crockery | 1092 |
| 4849437/25.6.07 | M/S Trans World Marketing | 3559 |
| 7533706/18.1.08 | M/S Shreshtha cousultancy Shimla | 143749 |
| 270298/1.3.11 | M/S Ashoka Steel | 4331 |
| 270299/1.3.11 | M/S Trade | 4535 |
| 275201/9.3.11 | HPSED Shimla | 29250 |

| | | |
|---|---|---|
| 275202 / 19.3.11 | Suresh Verma Sr. Asstt. | 5425 |
| 275204 / 19.3.11 | -do- | 1000 |
| 275203 / 19.3.11 | Sh. Virender Singh | 5000 |
| 275205 / 19.3.11 | M/S Trade link enterprises Shimla | 4870 |
| 275206 / 19.3.11 | M/S Ambika Traders Shimla | 6326 |
| 275207 / 19.3.11 | M/S Trade Links Shimla | 4880 |
| 275208 / 19.3.11 | Shimla Stationers Shimla | 2970 |
| 275209 / 19.3.11 | Image Maker Computers Shimla | 900 |
| 275212 / 19.3.11 | M/S Central Traders Shimla | 2594 |
| 275213 / 19.3.11 | Sh. Rajini Singh % Perfect -3 Public Services Shimla | 14700 |
| 275214 / 19.3.11 | Manager SBI Shimla | 300 |
| 293582 / 30.11.11 | A.D. B.S.N.L. | 500 |
| 293581 / 30.11.11 | M/S Atmaram Radha Krishan Ram Bazar Shimla | 9715 |
| 293580 / 30.11.11 | Gainda Mal Hem Raj Shimla | 700 |
| | योग | ₹379143 |

**18 बिलों को पारित किये बिना ही भुगतान करने बारेः–**

